आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## मनमोहन सिंह–निधन

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का कल नई दिल्ली में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। डॉ. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत के एक गांव में हुआ था। वह प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव के मंत्रिमंडल में वित्त मंत्री भी थे। डॉक्टर मनमोहन सिंह 1971 में भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के रूप में शामिल हुए। उन्होंने वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार और सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

## श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि डॉक्टर सिंह उन असाधारण राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन की दुनिया में समान रूप से सहजता से काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर पूरा राष्ट्र शोक में है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह का जीवन भावी पीढी के लिए एक मिसाल है कि लोग किस तरह संघर्ष से उबरते हुये उपलब्धियों की ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे.पी. नडडा, राजनाथ सिंह, ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री के निवास पर जाकर उन्हें पुष्पाजंलि दी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने भी आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उनके आवास पर पुष्पांजलि अर्पित की।

शोक कांग्रेस

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अत्यंत दुखद और अपूर्णीय क्षति है। राज्यपाल ने कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व ने देश को आर्थिक प्रगति की दिशा में नई राह दिखाई। मुख्यमंत्री ने अपने शोक सन्देश में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक महान तथा दूरदर्शी नेता थे, उनका देहावसान राष्ट्र के लिए एक महान क्षति है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया, जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सहित अन्य पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

शोक भाजपा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन को राष्ट्र के लिए बहुत बड़ी क्षति बताया है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह एक दूरदर्शी राजनेता और भारतीय राजनीति के दिग्गज थे। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन से राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र में एक अपूर्णीय शून्यता पैदा हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने देश के सभी वर्गों के उत्थान के लिए ईमानदारी से प्रयास किए, जिसके लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा।

राष्ट्रीय शोक

केन्द्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। इस दौरान पूरे देश में राष्ट्र ध्वज आधे झुके रहेंगे और कोई भी सरकारी कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा। कल 28 दिसंबर को केंद्र के सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में आधे दिन का अवकाश रहेगा। इधर राज्य सरकार ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर आज और कल दो दिन का अवकाश घोषित किया है।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है और राज्य की ऊंची चोटियों पर रूक–रूक कर बर्फबारी जबकि अन्य क्षेत्रों में हल्की वर्षा का समाचार है। शिमला ज़िले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुफरी व नारकंडा में भी हल्का हिमपात हो रहा है, जिससे ऊपरी इलाकों के लिए यातायात बाधित हो गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज और कल बारिश व बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

------------------------------------------------------------------------------------------